# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

**पत्रांक: आर०एम०पी०यू०/1146/2026** **दिनांक: 24 जुलाई, 2026**

## आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सूचित करना है कि विश्वविद्यालय परिसर के एल.एल.एम. (LL.M.) पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंकित स्नातक (UG) शैक्षणिक विवरण का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर लें।

विश्वविद्यालय के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि अनेक अभ्यर्थियों द्वारा स्नातक शैक्षणिक विवरण में बी.ए., बी.एससी. अथवा अन्य ऐसे पाठ्यक्रमों का उल्लेख किया गया है, जो एल.एल.एम. प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम पात्रता के अनुरूप नहीं हैं। एल.एल.एम. प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का एल.एल.बी. (LL.B.) अथवा समकक्ष विधि स्नातक उपाधि होना आवश्यक है।

अतः ऐसे सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने आवेदन पत्र में अंकित स्नातक (UG) शैक्षणिक विवरण को दिनांक 26 जुलाई, 2026 तक अनिवार्य रूप से संशोधित एवं अद्यतन कर दें, जिससे प्रवेश प्रक्रिया एवं मेरिट सूची का प्रकाशन निर्धारित समय पर किया जा सके।

**शैक्षणिक विवरण संशोधित करने की प्रक्रिया-**

1. प्रवेश पोर्टल https://rmpssuadm.samarth.edu.in/ पर लॉगिन करें।
2. My Application विकल्प पर क्लिक करें।
3. Submitted Application के अंतर्गत उपलब्ध Academic Edit विकल्प का चयन करें।
4. अपने स्नातक (UG) शैक्षणिक विवरण में आवश्यक संशोधन करते हुए एल.एल.बी. (LL.B.) अथवा पात्र विधि स्नातक पाठ्यक्रम का सही विवरण दर्ज करें।
5. संशोधन पूर्ण होने के उपरांत आवेदन पत्र को पुनः Submit करना सुनिश्चित करें।

सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि के भीतर आवश्यक संशोधन अवश्य कर लें। दिनांक 26 जुलाई, 2026 के पश्चात किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा प्राप्त अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इसके फलस्वरूप उत्पन्न होने वाली किसी भी असुविधा के लिए संबंधित अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**(प्रबुद्ध सिंह)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु-**

1. निजी सचिव, मा० कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. प्रभारी वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
3. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय के साथ प्रेषित कि इसे छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**(प्रबुद्ध सिंह)**
**कुलसचिव**